## खबर संक्षेप

### टोल की लापरवाही, चौपट व्यवस्था से लोगों का आवागम दुश्वार



**मैहर।** उमरिया मार्ग स्टेट हाईवे 11 में टोल संचालक की मनमानी से लोगों का आवागमन दूभर हो रहा है। विगत दिनों कई सरपंचों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था। लेकिन आज जिम्मेदार हरकत में नहीं आए।

### आपातकाल को लेकर भाजपा ने कांग्रेस की आलोचना की



**मैहर।** आपातकाल के काले अध्याय का 50 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी जिला मैहर द्वारा पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेस वार्ता के मुख्य वक्ता सतना महापौर योगेश ताम्रकार मैहर विधायक श्री कांत चतुर्वेदी भाजपा जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने रहे। योगेश ताम्रकार ने कहा कि 25 जून-भारतीय लोकतंत्र का काला दिन कहलाता है। 25 जून 1975 को भारत में आपात काल लगाया गया-एक ऐसा दिन जब लोकतंत्र की आत्मा को कुचल दिया गया। प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपने पद को बचाने के लिए संविधान,न्यायपालिका और नागरिक अधिकारों की पूरी तरह से अवहेलना की। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में देश के संविधान को और अधिक सशक्त बनाने के लिए कार्य किया जा रहा है।

### दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों का एरियर भुगतान किया जाये

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी मैहर रानी बाटड ने समस्त कार्यालय प्रमुखों को आदेशित करते हुए कहा है कि उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के आदेशानुसार न्यूनतम वेतन अधिनियम के अंतर्गत पुनरीक्षित दरों को लागू करने एवं संस्थान में नियोजित दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों-श्रमिकों को 1 अप्रैल 2024 से 30 सितम्बर 2024 एवं 1 अक्टूबर 2024 से 31 मार्च 2025 तक की अवधि के लिए प्रभावशील न्यूनतम वेतन दर की अंतर का राशि का एरियर भुगतान किया जाना है। जिले के समस्त शासकीय,अर्द्धशासकीय एवं प्रायवेट संस्थान के प्रमुख एरियर भुगतान किया जाना सुनिश्चित करें।

### मैहर कलेक्टर ने दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**सतना।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस 26 जून के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार 1 जून से 26 जून तक नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार मैहर में कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में अधिकारी-कर्मचारियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह सहित कलेक्ट्रेट के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### मैहर जिले के तीनों बीआरसी में खुले आधार नामांकन केन्द्र

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड के निर्देशानुसार विद्यालयों में प्रवेश के दौरान छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड बनवाने में हो रही असुविधा के दृष्टिगत मैहर जिले के अमरपाटन,रामनगर और मैहर के बीआरसी केन्द्रों में आधार नामांकन केन्द्र प्रारंभ कर दिये गये हैं। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक जिला शिक्षा केन्द्र विष्णु त्रिपाठी ने बुधवार को इन आधार नामांकन केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

### आरपीएफ व कोलगवां थाना प्रभारी ने टीम सहित पहुंच कर आंदोलनकारियों को दी समझाइश

# मारुति नगर में रेलवे क्रॉसिंग पर अंडरब्रिज की मांग को लेकर रेलवे ट्रैक पर महिलाओं का धरना, रोकी गाड़ियां





**सतना।** बिड़ला साइडिंग ट्रैक पर बुधवार शाम हुये हादसे को लेकर गुरुवार को मारुतिनगर रेल ट्रैक पर क्षेत्र की महिलाओं द्वारा विरोध स्वरूप धरना दिया गया। प्रदर्शनकारी महिलाओं ने पटरी पर बैठकर गाड़ियां रोकीं। इस आंदोलन की खबर मिलते ही आरपीएफ प्रभारी वीरेन्द्र यादव फोर्स सहित मौके पर पहुंचे। साथ ही कोलगवां थाना टीआई सुदीप सोनी भी दल-बल सहित पहुंच गये। आरपीएफ प्रभारी एवं कोलगवां टीआई ने ट्रैक पर बैठी महिलाओं समझा-बुझाकर आंदोलन खत्म करवाया। अधिकारी द्वय ने महिलाओं को समझाइश दी कि वे जिस स्थान पर अंडरब्रिज बनाने की मांग कर रही हैं, उसके लिये जन प्रतिनिधियों की अनुशंसा के साथ जबलपुर मंडल एवं जोन के वरिष्ठ अधिकारियों को लिखित में ज्ञापन सौंपा जाये। जिससे रेल प्रशासन अंडरब्रिज बनवाने की दिशा में अगली कार्यवाही करेगा। आरपीएफ प्रभारी वीरेन्द्र यादव ने घटना के संबंध में जानकारी देते हुये बताया कि गत दिवस शाम को करीबन 6 बजे मारुतिनगर रेलवे क्रासिंग के पास रेल पटरी पार करते समय कार क्रमांक एमपी 19 जेडीए 0251 मालगाड़ी की चपेट में आ गयी थी। गनीमत यह रही कि मालगाड़ी के ड्राईवर द्वारा तत्काल ब्रेक लगा दिया गया जिससे हादसा टल गया। बताया गया है कि मारुतिनगर निवासी संजय शुक्ला कार में सवार होकर अपने परिवार के साथ जा रहे थे। ट्रैक पर अचानक कार आ जाने के कारण यह घटना घटित हुई थी। कार मालगाड़ी के साथ दो-तीन मीटर तक घसीटती चली गयी।

#### कार चालक के खिलाफ मामला पंजीबद्ध

आरपीएफ द्वारा इस मामले में कार को जब्त करके कार चालक के खिलाफ रेलवे एक्ट के तहत केस पंजीबद्ध कर लिया गया है। रेलवे का कहना है कि सीमेन्ट प्लान्ट के अधीन रेलवे ट्रैक के हिस्से पर सुरक्षा की जिम्मेदारी सीमेन्ट फैक्ट्री की है। साइडिंग प्रबंधन को वाहनों के आने-जाने एवं जनता की सुरक्षा की व्यवस्था स्वतः करनी चाहिये,जो वो नहीं कर रही है।

#### इनका कहना है

आंदोलनकारी महिलाओं ने मुख्त्यारगंज रेलवे फाटक के आगे ट्रैक पर बैठकर ट्रेन रोकने का प्रयास किया। सूचना पर आरपीएफ टीम एवं कोलगवां थाना प्रभारी सुदीप सोनी के नेतृत्व में पहुंची सिटी पुलिस टीम ने इनको समझाइश देकर आंदोलन समाप्त करा दिया है। महिलाओं को रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उचित माध्यम से अंडरब्रिज की मांग उठाने के लिये समझाया गया है।

**- वीरेन्द्र कुमार यादव,आरपीएफ प्रभारी, सतना**

#### पटरियां पार करके जाते हैं मारुतिनगर के वाशिन्दे

श्री यादव ने बताया कि मुत्यारगंज फाटक के आगे बिड़ला साइडिंग की तरफ मारुतिनगर जाने के लिये रेलवे द्वारा कोई अंडरब्रिज या रेलवे क्रासिंग (समपार) नहीं बनाया गया है। मारुति नगर निवासी रेल पटरियों को पार करके अवैधानिक तौर पर अपने घरों तक आते-जाते हैं। इसी तरह से वे अपने वाहनों को भी रेल पटरी से निकालते हैं। रेल विभाग इस अघोषित अवैध मार्ग को बंद करना चाहता है। जबकि मारुति नगर के निवासी इस स्थान पर अंडरब्रिज बनाये जाने की मांग कर रहे हैं।

## युवक की पीट-पीटकर हत्या, गुस्साए परिजनों ने पीएम के लिए नहीं दी लाश

**सतना।** जिले से हत्या की सनसनीखेज वारदात सामने आई है। जहां जमीनी विवाद के चलते दो लोगों ने एक शख्स की पीट-पीटकर बेरहमी से हत्या कर दी। जब पुलिस मौके पर पहुंची,तो परिजनों ने शव ले जाने से मना कर दिया। उनका कहना है कि पहले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए। यह घटना रैगांव थाना क्षेत्र के खड़ौरी गांव की है। बताया जा रहा है कि मुनेंद्र सिंह ने संपत और नंदकिशोर को खेत की मेड़ पर बारी लगाने से मना किया। इस बात को लेकर उनमें विवाद हो गया और दोनों ने लाठी-डंडे से मुनेंद्र की पिटाई कर दी। सिर पर गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्याकांड को अंजाम देने के बाद आरोपी फरार हो गए। मामले की जानकारी मिलते ही रैगांव, सिंहपुर, कोठी नागौद थाना पुलिस और एसडीओपी रोहित राठौर घटनास्थल पर पहुंचे।लेकिन मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी तक शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने से मना कर दिया। उनका कहना है कि पहले आरोपियों को गिरफ्तार किया जाए और उनके मकान गिराए जाएं। फिलहाल,पुलिस आरोपियों की तलाश में संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं।



### भाजपा मातृशक्ति के आवाहन पर एक पेड़ गोलामठ सरकार के नाम रोपा

**मैहर।** एक पेड़ गोलामठ सरकार के नाम अभियान की पावन शुरूआत गोलामठ मंदिर परिसर के पृष्ठभाग में श्रद्धा और सेवा भाव से की गई। इस पुण्य कार्य में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष कमलेश सुहाने तथा नगर पालिका परिषद मैहर की अध्यक्ष श्रीमती गीता संतोष सोनी की विशेष उपस्थिति रही।उनके कर-कमलों से वृक्षारोपण कर इस अभियान का शुभारंभ हुआ। यह मात्र पौधरोपण नहीं था,बल्कि एक यज्ञ था जिसमें हर कण,हर मनुष्य प्रकृति के प्रति अपनी आहुति अर्पित कर रहा था। इस पावन अवसर पर पर्यावरण प्रेम से ओतप्रोत कई सम्माननीय नागरिकों की सहभागिता रही, जिनमें प्रमुख रहे संतोष सोनी,सूर्य प्रकाश चौरसिया,मणिदीप तिवारी,कुलदीप तिवारी,पवन दुबे, भक्कन द्विवेदी,रेखा दुबे,संजय पांडे,जितेन शुक्ला,प्रसन्न सिंह,ईदूं श्रीवास्तव,सरोज सिंह,अनिल बढोलिया, गोपाल गुप्ता,मनीष सेन,जीतेंद्र द्विवेदी,प्रवीण तिवारी,आशीष अग्रवाल सहित कई अन्य पर्यावरण प्रेमी भी वृक्षारोपण के कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। प्रकृति और परमात्मा के मध्य सेतु है वृक्ष इनके रोपण से न केवल वातावरण शुद्ध होता है,बल्कि भविष्य की सांसों को संजीवनी भी प्राप्त होती है।अभियान का उद्देश्य न केवल हरियाली को बढ़ावा देना है,बल्कि यह जनचेतना का संकल्प है कि हम अपनी धरती माता को फिर से हरी-भरी करें,उसे सांस लेने लायक बनाएं। एक वृक्ष एक वचन प्रकृति का करें सदा रक्षण के मंत्र के साथ यह आयोजन प्रेरणा देता है कि जहाँ संस्कार,सेवा और संकल्प एकत्र हों वहाँ हरियाली ही ईश्वर का स्वरूप बन जाती है।



## सीएम हेल्पलाइन में नाट-अटेण्ड और निम्न गुणवत्ता से बंद नहीं रहे शिकायतें

### मैहर जिले को ए-ग्रेड में लाने पर कलेक्टर ने दी बधाई

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन में सभी विभाग सुनिश्चित करे कि कोई भी शिकायत निम्न गुणवत्ता से बंद नहीं हो और कोई भी शिकायत नाट-अटेण्ड उच्च स्तर पर नहीं जानी चाहिए। बुधवार को संपन्न टीएल बैठक में सीएम हेल्पलाइन में प्रदेश स्तर पर जिले की ग्रेडिंग में मैहर जिले को ए-श्रेणी में लाने के लिए कलेक्टर ने सभी विभागों के अधिकारियों को बधाई दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर शैलेन्द्र सिंह, एसडीएम विकास सिंह,डॉ.आरती सिंह,कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण बीआर सिंह,पीएचई श्वेतांक चौरसिया,उप संचालक कृषि मनोज कश्यप,प्रभारी सीएमएचओ डॉ.मनोज शुक्ला,डीपीसी विष्णु त्रिपाठी,आरटीओ संजय श्रीवास्तव,एलडीएम गौतम शर्मा,जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेन्द्र बांगरे,जनपद सीईओ प्रतिपाल बागरी,सीएमओ सुषमा मिश्रा सहित विभाग प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे। सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि सभी विभाग संतुष्टिपूर्ण निराकरण का प्रतिशत 40 से 50 के बीच रखे ताकि वह विभाग ए-ग्रेड में आ सकें।इसी प्रकार डी-श्रेणी के विभाग सी और बी श्रेणी के विभाग ए ग्रेड में आने का प्रयास करें।



रामनगर के राजस्व विभाग को ए-ग्रेड में आने पर कलेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त की। धरती आबा अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि 16 से 30 जून तक चयनित गांवों में शिविर लग रहे है। इन शिविरों में प्रत्येक संबंधित विभाग के अधिकारी अनिवार्य रूप से उपस्थित हो। कलेक्टर ने आदिम जाति विभाग के अधिकारी को शिविर में नहीं जाने पर नोटिस जारी कर विभाग को सूचित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि धरती आबा अभियान के चयनित गांवों में सभी विभाग अपनी योजनाओं के टारगेट पूरे कर शत-प्रतिशत हितग्राहियों को लाभांवित करें। नदी पुर्नजीवन अभियान में टमस नदी के उद्गम स्थल पर चल रहे कार्य की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि नहर के दोनों तरफ सघन वृक्षारोपण कराये। कलेक्टर ने कहा कि 30 जून को जल गंगा संवर्धन अभियान का समापन होगा। इस अवधि में अभियान के तहत किये गये कार्यों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करे। वृक्षारोपण की तैयारी की समीक्षा में कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्र और स्कूलों में फलदार पौधों के रोपण को प्राथमिकता दे। इसी प्रकार केजेएस द्वारा दिये जा रहे आंवला और मुनगा के पौधो को मुक्तिधाम में लगवाये।

## सड़क सुरक्षा की ओर एक कदमः होंडा मोटरसाइकिल ने सतना मध्य प्रदेश में बच्चों को किया जागरूक

### 2400 से अधिक स्कूल छात्रों और स्टाफ सदस्यों को इंटरएक्टिव लर्निंग अनुभवों के ज़रिए किया जागरूक



**सतना।** सड़क सुरक्षा और जागरूकता की संस्कृति को बढ़ावा देने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत, होंडा मोटरसाइकल एंड स्कूटर इंडिया ने सतना, मध्य प्रदेश में सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह पहल खासतौर पर युवाओं में सड़क सुरक्षा व्यवहार विकसित करने के उद्देश्य से शुरू की गई थी। इसमें आदित्य कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस और श्री राम कृष्ण कॉलेज ऑफ पॉलिटेक्निक एंड मैनेजमेंट के 2400 से अधिक छात्रों और स्टाफ सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

इस अभियान के दौरान छात्रों को कई सत्रों और गतिविधियों के ज़रिए जोड़ा गया, जिससे उनकी रोज़मर्रा की जगहें ही सड़क सुरक्षा के बारे में सीखने का मंच बन गईं। यह सत्र इस तरह से तैयार किए गए थे कि सीखना मज़ेदार और प्रभावशाली दोनों हो। प्रतिभागियों को सुरक्षित राइडिंग की मूल बातें सिखाई गईं जैसे हेलमेट पहनने की अहमियत और सड़क पर अनुशासन बनाए रखना।

सतना में यह अभियान मध्य प्रदेश में एचएमएसआई की बढ़ती मौजूदगी को और मज़बूत करता है, जहाँ कंपनी स्थानीय शैक्षणिक संस्थानों के साथ मिलकर जमीनी स्तर से सड़क सुरक्षा की संस्कृति को विकसित करने में जुटी है। यह प्रयास कंपनी की व्यापक पहल का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य हर आयु वर्ग में जागरूकता बढ़ाकर एक सुरक्षित यातायात परिवेश तैयार करना है। एचएमएसआई की सड़क सुरक्षा पहल ने अब तक पूरे भारत में लाखों लोगों तक अपनी पहुँच बनाई है, जिसमें जमीनी स्तर की गतिविधियाँ, स्कूलों/कॉलेजों और ट्रैफिक विभागों के साथ सहयोग शामिल है। कंपनी सड़क सुरक्षा के अपने विज़न को आगे बढ़ाने के लिए लोगों को शिक्षित, जागरूक और सशक्त बनाने के अपने संकल्प के साथ आगे बढ़ती रहेगी।Top of Form

होंडा मोटरसाइकिल एंड स्कूटर इंडिया की सड़क सुरक्षा के प्रति CSR प्रतिबद्धता2021 में होंडा ने वर्ष 2050 के लिए अपना वैश्विक विज़न स्टेटमेंट घोषित किया, जिसमें यह लक्ष्य रखा गया है कि होंडा की मोटरसाइकिलों और ऑटोमोबाइल्स से जुड़ी कोई भी सड़क दुर्घटना मौत न हो। भारत में, एचएमएसआई इस विज़न के अनुरूप और भारत सरकार के उस लक्ष्य के अनुरूप काम कर रही है, जिसमें वर्ष 2030 तक सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों को आधा करना है।इस लक्ष्य को पाने का एक अहम पहलू यह है कि वर्ष 2030 तक बच्चों के भीतर सड़क सुरक्षा के प्रति एक सकारात्मक सोच विकसित की जाए और इसके बाद भी उन्हें लगातार शिक्षित किया जाए। स्कूलों और कॉलेजों में दी जा रही सड़क सुरक्षा शिक्षा केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक सुरक्षा संस्कृति को जन्म देती है, जिससे युवा सोच में बदलाव आए और वे 'रोड सेफ्टी एंबेसडर' बनें। यह आने वाली पीढ़ियों को जिम्मेदार नागरिक बनने का सामर्थ्य देती है और एक सुरक्षित समाज के निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका सुनिश्चित करती है।एचएमएसआई ऐसी कंपनी बनना चाहती है, जिसकी मौजूदगी समाज के लिए आवश्यक महसूस हो। इसी सोच के साथ, वह समाज के हर वर्ग — स्कूल के बच्चों से लेकर कॉर्पोरेट्स और आम जनता तक — में सड़क सुरक्षा की जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न नवाचारी उपाय अपना रही है।

एचएमएसआई के प्रशिक्षित सड़क सुरक्षा विशेषज्ञ प्रतिदिन देशभर में फैले 10 ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्क्स (TTP) और 6 सेफ्टी ड्राइविंग एजुकेशन सेंटर्स (SDEC) में कार्यक्रम संचालित करते हैं, ताकि सड़क सुरक्षा की शिक्षा समाज के हर कोने तक पहुँच सके। अब तक यह पहल 10 मिलियन से अधिक भारतीयों तक पहुँच चुकी है।एचएमएसआई का नेशनल रोड सेफ्टी अवेयरनेस प्रोग्राम शिक्षा को रोचक और वैज्ञानिक तरीके से प्रस्तुत करता है, जिसमें शामिल हैं:वैज्ञानिक ढंग से तैयार किया गया लर्निंग मॉड्यूलःहोंडा के कुशल प्रशिक्षक सड़क सुरक्षा की नींव रखते हैं, जिसमें थ्योरी सेशन्स के माध्यम से सड़क चिन्हों और निशानों की जानकारी, सड़क पर चालक की जिम्मेदारियाँ, राइडिंग गियर और शरीर की स्थिति की सही जानकारी, और सुरक्षित राइडिंग के शिष्टाचार सिखाए जाते हैं।प्रायोगिक सीखः होंडा के वर्चुअल राइडिंग सिम्युलेटर के ज़रिए सभी प्रतिभागियों को सड़क पर चलने से पहले ही 100 से अधिक संभावित खतरों का अनुभव कराया गया, जिससे वे सुरक्षित ड्राइविंग के लिए तैयार हो सकें।

इंटरएक्टिव सत्रः प्रतिभागियों को 'किकेन योसोकु ट्रेनिंग (KYT)' के अंतर्गत खतरे की पहचान व पूर्वानुमान की ट्रेनिंग दी गई, जिससे सड़क पर सतर्कता और सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार को बढ़ावा मिले।

मौजूदा चालकों का कौशल निखारनाः ऐसे छात्र और स्कूल स्टाफ जो पहले से दोपहिया वाहन चलाते हैं, उन्होंने स्लो राइडिंग और संकीर्ण पट्टियों पर संतुलित ड्राइविंग अभ्यास के ज़रिए अपने कौशल को और बेहतर किया।

एचएमएसआई ने हाल ही में अपने अभिनव डिजिटल सड़क सुरक्षा लर्निंग प्लेटफॉर्म 'ई-गुरुकुल' की शुरुआत की है। यह प्लेटफॉर्म विशेष रूप से 5 वर्ष से लेकर 18 वर्ष तक के तीन अलग-अलग आयु वर्गों के लिए तैयार किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करता है, जिससे सड़क सुरक्षा के प्रति एक व्यापक दृष्टिकोण सुनिश्चित किया जा सके। वर्तमान में ये मॉड्यूल कन्नड़, मलयालम, हिंदी, तेलुगू, तमिल और अंग्रेज़ी जैसी कई भाषाओं में उपलब्ध हैं, ताकि क्षेत्रीय ज़रूरतों और समावेशिता को ध्यान में रखा जा सके। ई-गुरुकुल को egurukul.honda.hmsi.in पर एक्सेस किया जा सकता है, जहाँ इसे लाइव स्ट्रीम या डाउनलोड करके देखा जा सकता है। ई-गुरुकुल का यह लॉन्च एचएमएसआई के बच्चों, शिक्षकों और डीलरों को सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में सशक्त बनाने के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है। यह पहल देश के हर राज्य के स्कूलों तक विस्तार पाएगी, जिससे विभिन्न आयु वर्गों के अनुसार सड़क सुरक्षा शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा।कोई भी स्कूल यदि इस जानकारी को प्राप्त करना चाहता है, तो वह Safety.riding@honda.hmsi.in पर संपर्क कर सकता है।

### आपातकाल काला दिवस की विभीषिका को उजागर करने प्रदर्शनी



**सतना।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा गुरुवार को जिला कार्यालय में आपातकाल के काले अध्याय की 50वीं वर्षगांठ के अवसर पर आपातकाल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का लोकार्पण भाजपा प्रदेश महामंत्री एवं रीवा संभाग प्रभारी रणवीर सिंह रावत ने किया। इस अवसर पर श्री रावत ने कहा कि भाजपा कांग्रेस द्वारा देश पर थोपे गए आपातकाल जैसे काले अध्याय को जनता के सामने उजागर करेगी।मध्य प्रदेश शासन कि मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी महापौर योगेश ताम्रकार प्रदेश कार्य समिति सदस्य नरेन्द्र त्रिपाठी,विनोद यादव जिला पंचायत उपाध्यक्ष सुष्मिता सिंह परिहार,जिला महामंत्री ऋषभ सिंह,रमाकांत गौतम,जिला उपाध्यक्ष अशोक गुप्ता,विजय तिवारी,मुरारी सोनी,जय प्रताप गुप्ता अनिल सचदेव जिला कार्यालय मंत्री सुनील सेनानी,अभिषेक तिवारी,जिला मीडिया प्रभारी श्याम लाल गुप्ता,सौभाग्य केसरी सीमा सिंह,धनंजय सिंह ओम सिंह,संजय अग्रवाल,राजनरायन तिवारी,अग्निवेश शुक्ला,सुनील मिश्रा,शहजाद खान,डॉ गौरव सिंह गहरवार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला मैहर (म.प्र)**

क्र./245/विशेष विवाह/2025 मैहर, दिनांक-16/06/2025

**सार्वजनिक सूचना**

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-6 के तहत

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लवकेश सोंधिया प रामसुरेश सोंधिया निवासी ग्राम ओबरा तहसील अमरपाटन जिला मैहर एवं आवेदिका निराशा गोंड पुत्री बाबुला गोंड निवासी ग्राम गिधैला तहसील रामनगर जिला मैहर म.प्र. के द्वारा समक्ष मे उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 20/5/25 को प्रस्तुत किया गया है ।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरूद्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय मे दिनांक 15/07/2025 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है । अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्ति आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 20/5/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया ।

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला मैहर (म.प्र.)**

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला मैहर (म.प्र)**

क्र./47/विशेष विवाह/2024 मैहर, दिनांक-11/02/2025

**सार्वजनिक सूचना**

विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-6 के तहत

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक जीतेन्द्र पटेल पिता सीताराम पटेल उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम गोरइया कला थाना मैहर तहसील मैहर जिला मैहर एवं आवेदिका माधु सिंह पिता समरजीत सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बैंक कालोनी सरलानगर थाना मैहर तहसील मैहर जिला मैहर म.प्र. के द्वारा समक्ष मे उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 5 के अंतर्गत विशेष विवाह अनुष्ठापन हेतु आवेदन दिनांक 15/07/25 को प्रस्तुत किया गया है ।

उक्त प्रस्तावित विवाह अनुष्ठापन के विरूद्व यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह आपत्ति लिखित रूप में इस न्यायालय मे दिनांक 15/07/2025 को या इसके पूर्व न्यायालयीन समय मे उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है । अवधि समाप्त होने के पश्चात प्राप्ति आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 11/2/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया ।

**अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी जिला मैहर (म.प्र.)**

**खबर संक्षेप**

## हीरा लाल आदिवासी पार्षद निर्वाचित



**पन्ना।** नगर परिषद ककरहटी के वार्ड क्रमांक 13 में भारतीय जनता पार्टी के अभ्यर्थी हीरा लाल आदिवासी पार्षद पद के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं। गुरूवार को रिटर्निंग अधिकारी ज्योति राजपूत ने हीरा लाल को निर्विरोध निर्वाचन के परिणाम की घोषणा उपरांत प्रमाण पत्र प्रदान किया।

## स्कूल से अनुपस्थित रहने पर दो शिक्षकों को जारी किया नोटिस

**पन्ना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सह पदेन अपर संचालक शिक्षा उमराव सिंह मरावी द्वारा गत बुधवार को शासकीय हाईस्कूल पगरी संकुल शासकीय उत्कृष्ट उ.मा.विद्यालय शाहनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया था। इस दौरान उच्च श्रेणी शिक्षक वीरेन्द्र सिंह एवं माध्यमिक शिक्षक बृजपाल सिंह को संस्था से बगैर सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने और शैक्षणिक एवं शासकीय कार्य प्रभावित होने के कारण नोटिस जारी कर एक जुलाई को शाम 5 बजे समक्ष में उपस्थित होकर अपना प्रतिवाद आवश्यक सहपत्रों के साथ प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। समय सीमा में समाधानकारक जवाब प्राप्त न होने की स्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जाएगी। जिला पंचायत सीईओ द्वारा म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियमों के तहत शिक्षकों का कृत्य गंभीर कदाचरण की श्रेणी में होने तथा अनुपस्थित शिक्षकों द्वारा पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही व उदासीनता बरतने पर जारी कारण बताओ नोटिस में उल्लेखित है कि जारी सूचना पत्र के आधार पर म.प्र. सिविल सेवा आचरण वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के नियम 16 के तहत संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत न करने पर नियम 9 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही कर निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।

## जनगणना अभिलेख सुरक्षित रखने के संबंध में निर्देश



**पन्ना।** कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी पन्ना सुरेश कुमार ने सभी तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी ग्रामीण तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं जनगणना चार्ज अधिकारी शहरी को जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के निर्देशानुसार जनगणना 2011 के अभिलेखों को सुरक्षित रखने के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। उक्त अभिलेख जनगणना 2021 के लिए पूर्व में प्रदान किए गए थे। जनगणना निदेशालय द्वारा पूर्व में भी प्रदत्त सभी अभिलेखों को सुरक्षित रखने हेतु निर्देशित किया गया था। उल्लेखनीय है कि जनगणना 2021 के प्रथम चरण के तहत 1 मई से 14 जून 2020 की अवधि में मकान सूचीकरण एवं गणना तथा राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के अद्यतन संबंधी कार्य मध्यप्रदेश में किया जाना था, लेकिन कोविड 19 के कारण भारत सरकार द्वारा सभी फील्ड कार्यों को आगामी आदेश तक स्थगित करने के लिए निर्देश दिए गए। इस संबंध में बताया गया है कि आगामी जनगणना के लिए मकान सूचीकरण ब्लॉक कार्यों के लिए अभिलेखों की आवश्यकता होगी। इसलिए निर्धारित सामग्री संक्षिप्त मकान सूची एवं नजरी नक्शों का भौतिक रूप से एवं सॉफ्ट कॉपी में सुरक्षित संधारण किया जाए।

## आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने के कार्यक्रम वर्ष भर आयोजित होंगे

**पन्ना।** आपातकाल के 50 वर्ष पूरे होने पर भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार जिले भर में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाया गया। सरकार द्वारा पूर्व में 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में अधिसूचित किया गया है। इस क्रम में जारी निर्देशों के अनुसार 25 जून 2025 से लेकर 25 जून 2026 तक आपातकाल तथा संविधान की हत्या से जुड़े जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# भौतिक अधोसंरचना एवं एकेडमिक संबंधित हुई समीक्षा बैठक





हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

एरिया एजूकेशन केंद्र शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई में गुरूवार 26.6.2025 को एजुकेशन एरिया शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई के समस्त प्राचार्य प्रधानाध्यापक प्राथमिक माध्यमिक खंड की बैठक एडीपीसी भारती श्रीवास्तवजी डीपीसी अजय कुमार गुप्ता, सहायक संचालक विकासखंड शिक्षा अधिकारी सुश्री नम्रता जैन पवई रामचरण गुप्ता एवं प्राचार्य शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पवई की उपस्थिति में विद्यालय संबंधी भौतिक अधोसंरचना एवं एकेडमिक गतिविधि अधिगम से संबंधित समीक्षा की गई डीपीसी द्वारा अपने उद्बोधन में शाला भवन समग्र आईडी जन्म तिथि से संबंधित समस्या का निराकरण शालाओं में विद्युत कनेक्शन नियमित उपस्थिति वर्षा काल में जीर्ण शीर्ण कक्षो में बच्चों को ना बिठाया जाए नामांकन वृद्धि राष्ट्रीय मींस छात्रवृत्ति ओलंपियाड नवोदय प्रवेश से संबंधित जानकारी दी एडीपीसी द्वारा निर्धारित फार्म पर जीर्णशीर्ण कक्षो की सही प्रकार से जानकारी भरना एवं एजुकेशन पोर्टल 3.0 पर नामांकन मैपिंग प्रोफाइल अपडेट करने संबंधी जानकारी प्रदान की कार्यक्रम का संचालन शिक्षक हरिशंकर खटीक द्वारा किया गया।

# शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर नशा मुक्ति दिवस पर संगोष्ठि आयोजित




देवेन्द्रनगर।

शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर एवं शासकीय संस्कृत महाविद्यालय देवेन्द्रनगर के संयुक्त तत्वाधान में 26 जून नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर नशा मुक्त भारत अभियान पखवाड़ा के अंतर्गत नशा एक भ्रम जीवन एक सत्य विषय पर ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारम्भ डॉ शालिग्राम मिश्र द्वारा वैदिक मंगलाचरण एवं संस्कृत महाविद्यालय के छात्र सुधांशु मिश्रा के द्वारा लौकिक मंगलाचरण के द्वारा तथा संचालन डॉ राम नरेश द्विवेदी द्वारा किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित जन एवं मुख्य वक्ता का स्वागत शासकीय महाविद्यालय देवेन्द्रनगर के प्राचार्य सुखवेन्द्र कुमार गौतम द्वारा किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में डॉ अभिषेक जैन, मुख्य खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेन्द्रनगर उपस्थित रहे, डॉ जैन ने अपने वक्तव्य में बताया कि किसी भी प्रकार का नशा समाज के लिए हानिकारक होता है , डॉक्टर जैन ने बताया कि नशे दो प्रकार के हो सकते हैं रासायनिक नशा और व्यावहारिक नशा। रासायनिक नशे में तंबाकू गुटका सिगरेट शराब आदि चीज सम्मिलित होती हैं जबकि व्यावहारिक नशे में मोबाइल सोशल मीडिया की लत आदि चीज शामिल की जा सकती हैं, डॉक्टर जैन ने कई लघु कहानियों के माध्यम से इस संगोष्ठी में उपस्थित विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। शासकीय संस्कृत महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीरज शर्मा के द्वारा नशे की विस्तृत व्याख्या में व्याकरण के अनुसार णश अदर्शने धातु को लेकर स्पष्ट किया कि जो नशा करेगा उसका शीघ्र ही अदर्शन होगा, साथ ही सभी शैक्षणिक संस्थाओं के माध्यम से हम लोग नशे से मुक्त होने के लिए जागरूकता अभियान चलाते हैं, इससे प्रत्येक जन स्वयं जागरूक होना चाहिए। डॉ दिनेश कुमार राय द्वारा सभी उपस्थित सदस्यों मुख्य वक्ता एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों महाविद्यालय से डॉ लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, डॉ पवन त्रिपाठी, डॉ अनिल श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा चौरसिया, डॉ ध्रुव कुमार पांडे, पप्पू लाल जमरा सुरेश कुमार शर्मा, विकास आनंद दीक्षित, सुधीर सिंह करपेती,अवधेश बागरी,रूद्रेश बर्मन, राजा बाबू, इदरीश अहमद, सोनू सहित अनेक छात्र उपस्थित रहे।

# देवेंद्रनगर के मध्य रिक्त भूमि पर भव्य टाउन हॉल की परिकल्पना विकास का आदर्श मॉडल बन सकता है यह प्रकल्प

**एकमत नहीं होने से वर्षों से अटकी योजना, नागरिकों की भावनाओं को आदरपूर्वक समेटे सर्वमान्य प्रस्ताव की मांग**

देवेंद्रनगर।

नगर परिषद क्षेत्र के मध्य स्थित लगभग डेढ़ एकड़ की अति-महत्वपूर्ण भूमि, जो चारों ओर से पुराने रिहायशी मकानों, मंदिरों और धर्मशालाओं से घिरी है, विगत कई वर्षों से उपेक्षित पड़ी है। इस भूमि पर क्या विकसित किया जाए कृ इस विषय पर नागरिकों के बीच मतभेद होने से यह स्थान वर्षों से उपयोग में नहीं लाया जा सका। कुछ लोग इस स्थल पर बाजार, चिल्ड्रन पार्क, वाहन स्टैंड, या सब्जी मंडी की माँग करते रहे हैं, तो वहीं प्रशासन इस भूमि के ष्कृषि उपज मंडीष के नाम दर्ज होने के कारण अपने हाथ बाँधे खड़ा है। इस बीच नगर में जन-सुविधाओं के लिए पर्याप्त सार्वजनिक मंच की कमी स्पष्ट रूप से अनुभव की जा रही है। ऐसे में नगर के जिम्मेदार नागरिकों ने यह परिकल्पना प्रस्तुत की है कि इस भूखंड पर एक अत्याधुनिक, भव्य, और बहुपयोगी ष्टाउन हॉलष का निर्माण कराया जाए, जो न केवल नगर के धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक, और राजनीतिक आयोजनों के लिए समर्पित हो, बल्कि विवाह-समारोह, शोक-संस्कार, प्रशिक्षण सत्र, सांस्कृतिक कार्यक्रम और प्रशासनिक सभाओं के लिए भी उपयोगी हो।

### इस टाउन हॉल की प्रमुख विशेषताएँ इस प्रकार होंगी

भूमि के केवल मध्य भाग में दो मंजिला सुंदर सभागृह का निर्माण। 1000 से अधिक लोगों के बैठने की क्षमता। मंच, साउंड सिस्टम, प्रकाश, वेंटिलेशन की उच्चतम व्यवस्थाएं। ऊपरी मंजिल पर 15 से 20 कमरे (वक्ताओं, आयोजकों व विश्राम हेतु)। चारों ओर सभी रिहायशी मकानों के सामने से चौड़ी सड़कें, जिससे आवागमन और हवा का प्रवाह बाधित न हो। सुंदर बाउंड्री, गेट, और प्रकाश की व्यवस्था। स्थानीय संदर्भ एवं नक्शा आधारित यथार्थ- इस स्थल की विशेषता यह है कि इसके दक्षिण में राष्ट्रीय राजमार्ग है, जिससे अंदर प्रवेश करने पर बाईं ओर और दाईं ओर दुकानें, उसके आगे पुराना जैन मंदिर (पश्चिम दिशा) तथा दोनों धर्मशालाएं (उत्तर-पूर्व और उत्तर-पश्चिम कोने में) स्थित हैं। पुराने घरों और धर्मशालाओं के सामने से सड़क बनाकर बीच के खाली हिस्से में टाउन हॉल का निर्माण बिल्कुल व्यवहार्य है।

### क्या करना होगा प्रशासन को

1. नगर परिषद को यह प्रस्ताव सर्व-सम्मति से पारित कर राज्य शासन को भेजना चाहिए।
2. भूमि की वर्तमान स्थिति (कृषि उपज मंडी) का विधिवत पुनर्वर्गीकरण किया जाए।
3. जन-सुनवाई आयोजित कर सभी नागरिकों को विश्वास में लिया जाए।
4. एक स्थायी प्रबंधन समिति गठित की जाए, जिसमें सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व हो।
5. निर्माण की तकनीकी, वित्तीय और वास्तु रिपोर्ट तैयार कर शासन से स्वीकृति ली जाए।
6. इस हॉल के संचालन हेतु एक वाजिब शुल्क नीति, रखरखाव निधि, और निगरानी व्यवस्था बनाई जाए।

### राष्ट्रीय उदाहरण

जैसे उज्जैन में महाकाल लोक, अयोध्या में रामलला परिसर, उज्जैन में भारत माता मंदिर परिसर, कटनी में मुक्तिधाम सांस्कृतिक केंद्र, और सतना में लोक मंच जैसी योजनाओं ने धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक एकता को बल दिया है कृ वैसे ही देवेंद्रनगर का यह टाउन हॉल भी एक आदर्श ष्स्थानीय सांस्कृतिक परिसरष बन सकता है।

### मुद्दे की बात

विकास को दिशा देने के लिए कल्पना, समन्वय और साहस चाहिए। देवेंद्रनगर की यह योजना यदि प्रशासन और नागरिक मिलकर आगे बढ़ाएँ, तो यह क्षेत्र न केवल स्थानीय गतिविधियों का केंद्र बन सकता है, बल्कि समूचे बुंदेलखंड के लिए एक प्रेरणादायी मॉडल भी बन सकता है।

## ईव्हीएम वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण आज

**पन्ना।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रसारित निर्देशों के अनुक्रम में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित ईव्हीएम वेयरहाउस का 27 जून को अपरान्ह 03:30 बजे त्रैमासिक निरीक्षण किया जाएगा। इस अवसर पर संबंधितजनों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

# जिला स्तरीय सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की हुई बैठक




हरिभूमि न्यूज, पन्ना।

कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय अनुसूचित जाति-जनजाति सतर्कता एवं मॉनिटरिंग समिति की बैठक हुई। इस मौके पर गत बैठक के पालन प्रतिवेदन सहित अन्वेषण अधिकारी के कार्यों, विशेष लोक अभियोजक की नियुक्ति, उत्पीड़ति एवं गवाह को यात्रा भत्ता प्रदान करने और वर्ष 2024-25 में राहत प्रकरणों में स्वीकृत राशि के विरूद्ध भुगतान स्थिति की समीक्षा की गई। साथ ही अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के राहत प्रकरणों में प्रकरणवार स्वीकृति के संबंध में भी चर्चा की गई। जिला संयोजक आर.के. सतनामी द्वारा समिति के विभिन्न कार्यों व आवश्यक कार्यवाही सहित वर्षवार प्रकरणों के बारे मे अवगत कराया गया। साथ ही आवश्यकतानुसार समिति में नए सक्रिय सदस्यों के मनोनयन की आवश्यकता बताई। जिला कलेक्टर ने न्यायालयीन एवं विभिन्न स्तर पर विचाराधीन एवं निर्णीत प्रकरणों की जानकारी लेकर अत्याचार निवारण नियम 1995 के तहत विशेष लोक अभियोजकों के कार्यों की समीक्षा भी की। साथ ही वर्षवार सजा, बरी व राजीनामा इत्यादि के मामलों को अद्यतन कर प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए। बैठक में उप पुलिस अधीक्षक आजाक, आयुष अधिकारी आर.के. वर्मा, विशेष लोक अभियोजक एवं अजाक्स जिलाध्यक्ष आर.पी. प्रजापति एवं समिति सदस्य भी उपस्थित रहे।

# जहरीले कीड़े काटने से आदिवासी नवयुवक की हुई मौत





अमानगंज

पुलिस थाना क्षेत्र के ग्राम वलगहा में बीती शाम 18 वर्षीय आदिवासी नवयुवक को उसके ही घर में एक जहरीले कीड़े (काले सर्प ) के काट लेने से मौत हो जाने की घटना प्रकाश में आई है घटना के विषय में ज्ञात हुआ है कि सनेही आदिवासी पिता बलिराम आदिवासी उम्र 18 वर्ष निवासी बलगहा अपने घर में आराम कर रहा था अर्थात जमीन में लेटा था और अचानक कहीं से काले सर्प ने पहुंचकर उसके बाएं हाथ में काट लिया घटना की सूचना तत्काल ही उसने अपने परिजनों को दी जिसे ठीक करने वह घबराकर आसपास के गांव में झार फूक को लेकर इलाज करते रहे लेकिन उसे आराम न मिलने पर वह बेहोश हो गया जिसे परिजनों द्वारा अमानगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज हेतु दाखिल कराया जहां चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत बताया अतः मृत घोषित कर दिया घटना की सूचना स्थानीय पुलिस को लगी पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया।

## आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की दर्दनाक मौत

**अमानगंज।** अमानगंज क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम रामपुर में आज दोपहर के समय करीब 1:00 बजे के लगभग तेज गड़गड़ाहट एवं तेज चमक के साथ रेहायसी मकान में आकाशीय बिजली करने से एक नव विवाहित महिला की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के संबंध में ज्ञात हुआ है कि श्रीमती प्रभा यादव पति रंधीर यादव उम्र 35 वर्ष निवासी रामपुर अपने रिहायशी मकान में जानवरों का कार्य कर रही थी। तभी अचानक दोपहर के समय में मौसम ने अचानक करवट बदली और तेज चमक और गरज के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। जिससे महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। जैसे ही घटना की जानकारी परिजनों एवं गांव वालों को लगी, वैसे ही तुरंत सभी लोग घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। समाचार लिखे जाने तक मृत महिला का पीएम नहीं हो सका।

# पुलिस द्वारा थाना सलेहा के प्रकरण में 4 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी को किया गया



पन्ना।

पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस. थोटा द्वारा स्थायी वारण्टों की अधिक से अधिक तामीली हेतु पन्ना जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना सुश्री वंदना चौहान व जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना/चौकी स्तर पर थाना/चौकी प्रभारियों के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया है। इसी तारतम्य में थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह को मुखबिर से सूचना प्राप्त होने पर माननीय न्यायालय प्रथम श्रेणी न्यायधीश श्री प्रीतम शाह के प्रकरण क्रमांक 498/19 धारा 457, 380,511 भादवि में 04 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी नीलू कोल पिता सुरेश कोल निवासी सलेहा को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया है। उक्त संपूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी सलेहा उनि बलबीर सिंह एवं थाना स्टॉफ का सराहनीय योगदान रहा है।

## पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रारंभ

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परंपराओं, ऐतिहासिक धरोहर, संस्कृति, कला, प्राकृतिक समृद्धि, महापुरुषों एवं पर्यटन महत्व की संभावनाओं से परिचित कराने के लिए इस वर्ष भी पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इसका प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं में पर्यटन के प्रति जागरूकता विकसित करना, प्रदेश की पर्यटन विरासत से अवगत कराना, पर्यटन की अपार संभावनाओं तथा रोजगार के रूप में पर्यटन को अपनाने संबंधित उन्मुखीकरण करना, प्रदेश में पर्यटन विरासत का प्रचार-प्रसार करना तथा प्रदेश में प्रगतिशील पर्यटन संभावनाओं की आधारशिला तैयार करना है। उत्सव के रूप में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के विद्यार्थी भाग ले सकेंगे। इसके लिए तीन सदस्यीय टीम का गठन किया जाएगा।

# पेड़ गिरने से 70 वर्षीय महिला की मौत

**अमानगंज** फरियादी राम लगन आदिवासी पिता स्वर्गीय विसरिया आदिवासी उम्र 40 वर्ष निवासी विक्रमपुर थाना अमानगंज जिला पन्ना ने थाना अमानगंज में आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी मां नन्ही बाई पिता विसरिया आदिवासी उम्र 70 साल निवासी विक्रमपुर की आज दोपहर करीब 2:30 बजे जब वह अपने घर के दरवाजे की पट्टी पर बैठी हुई थी पानी बरस कर निकल गया था घर के बगल में ही आम का सूखा पेड़ था जो बारिश के बाद गिरा और हमारे घर की तरफ उसकी डागारे आई जिसके गिर जाने से हमारी मां की मौके पर ही मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम करके जांच शुरू कर दी।

### आबकारी अधिकारी एंव ठेकेदार के आगे बौना साबित हो रहा जिला प्रशासन

# निर्धारित रेट से अधिक दामों में बिक रही शराब दुकानों के बाहर नहीं चस्पा की गई रेट सूची




**छतरपुर।** जिले में आबकारी ठेकेदारों द्वारा जहां सरेआम आबकारी अधिनियम की धज्जियां उडाई जाकर निर्धारित रेट से अधिक दामों में शराब बिक रही है। वही किसी भी शराब दुकान के बाहर रेट सूची चस्पा नही की गई है। जिससे शराब की बिक्री में मनमानी चल रही है और यही कारण है कि शराब अबैध रूप से बिक रही है। बीती रात जो शराब बमीठा से नौगांव जा रही थी, उसमें पुलिस कार्यवाही के दौरान अबैध शराब होने का जिक्र किया गया है। लेकिन इसके बाबजूद भी आबकारी विभाग के अधिकारी पुलिस की इस कार्यवाही को झुठलाने का प्रयास कर रहें है, और इस बात को मान ही नही रहे कि जिले में अबैध शराब बिक रही है। जबकि आये दिन पुलिस अबैध शराब पकड़ कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आरोपियों को जेल भेज रही है। फिर भी आबकारी विभाग के अधिकारी ठेकेदार के आगे नतमस्तक होकर अबैध शराब की बिक्री की बात को स्वीकार नही रहे है। इसके अलावा आबकारी एक्ट के अंतर्गत किसी भी शराब दुकान को रात 11:30 बजे के बाद खोलने की अनुमति नही है। लेकिन देखा जा रहा है कि शराब ठेकेदारों के द्वारा देर रात तक दुकानें खुली रहती है, जो सरासर आबकारी एक्ट का उल्लंघन है। लेकिन इसके बाद भी आबकारी अधिकारी कोई ध्यान नही दे रहें है। कुल मिलाकर देखा जाए तो आबकारी अधिकारी और ठेकेदार के आगे जिला कलेक्टर के आदेश बौने साबित हो रहे है।

### जिले में आबकारी विभाग की सह पर आ रही प्रतिबंधित शराब

छतरपुर जिले में जो शराब प्रतिबंधित है उसके बावजूद भी बह शराब बेचने के लिए टीकमगढ़ जिले से लाई जाती है। टीकमगढ़ जिले के बार्डर पर स्थिति छतरपुर जिले की सभी शराब दुकानों में डीसीआई की अबैध शराब की पेटियां देखी जाती है। यदि इन शराब दुकानों की जांच कराई जाए, तो सभी दुकानें सस्पेंड हो सकती है। लेकिन आबकारी विभाग के अधिकारी और ठेकेदार की मजबूत साठगांठ के चलते किसी को भनक भी नही लग पा रही है कि टीकमगढ़ जिले की प्रतिबंधित शराब छतरपुर जिले में बार्डर की दुकानों पर बिक रही है।




### शराब दुकानों में प्रिंट रेट से अधिक लिए जा रहे पैसे

शासन के स्पष्ट निर्देश है कि शराब दुकानों के सामने रेट सूची चस्पा की जाए और क्यू आर कोड भी चस्पा किया जाए। लेकिन देखा जा रहा है कि किसी भी दुकान में ना तो रेट सूची चस्पा है, और न ही क्यूआर कोड। जिले के दूर दराज अंचल गौरिहार क्षेत्र की शराब दुकानों में उपभोक्ताओं को लूटा जा रहा है। वहां निर्धारित रेट से अधिक दामों पर शराब खुलेआम बिकती है। दुकानों के सैल्समेन दबंगी के साथ अधिक दामों पर शराब बेच रहें है और उनका यह भी कहना रहता है कि कोई भी आबकारी विभाग का अधिकारी कार्यवाही नहीं कर सकता है। क्योंकि आबकारी ठेकेदार के द्वारा हर माह निर्धारित रकम आबकारी विभाग के अधिकारियों तक पहुचाई जाती है। ठेकेदार के गुर्गो का यह कहना सही साबित हो रहा है। क्योंकि निर्धारित रेट से अधिक दाम पर शराब बिक रही है, और कोई कार्यवाही नही हो रही है। कहीं न कहीं शराब दुकानों के सैल्समेनों की बातों में दम है।

### नौगांव में क्यों उतारी गई देर रात शराब

बीती रात 12 बजे लगभग बमीठा शराब दुकान क्रमांक 02 से अबैध शराब लोड होकर एक पिकअप एमपी 16 जीए 1086 में अबैध तरीके से जा रही थी। यह डीसीआर कंपनी का माल था जिसे बार्डर की किसी अन्य दुकान पर उतरना था। लेकिन पुलिस की चैकिंग बगराजन बाईपास पर गाड़ी को रोका गया और डाईवर से पुछताछ करने के बाद शराब से भरी पिकअप को आबकारी अधिकारियों को सौप दिया गया। लेकिन देखा गया कि आबकारी ठेकेदार के टुकड़ो पर पलने बाले आबकारी विभाग के अधिकारियों ने आनन-फानन में शराब से भरी पिकअप को नौगांव की ओर निकाल दिया और जैसे ही मीडिया ने इस संबंध में आबकारी अधिकारियों से जबाव सबाल किए, तो अबैध शराब की बिक्री पर पर्दा डालने के लिए उसे बैध बताना चालू कर दिया। किसी को अलीपुरा दुकान का माल बताया तो किसी को करारागंज शराब दुकान का माल बताया और अंत में नौगांव में डिस्लरी रोड़ पर शराब दुकान यह पिकअप उतार दी गई। इस संबंध में जिला आबकारी अधिकारी से दूरभाष पर कई बार बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनके द्वारा कॉल रिसीव नहीं किया गया।

## खबर संक्षेप

### तीन वर्षीय बच्ची को सर्प ने काटा, जिला अस्पताल में भर्ती



**छतरपुर।** राजनगर थाना अंतर्गत ग्राम जमुनिया में आज दोपहर एक दर्दनाक घटना सामने आई, जहां तीन वर्षीय बच्ची रूही तिवारी को सर्प ने डस लिया। बताया जा रहा है कि दोपहर लगभग 1:00 बजे जब बच्ची अपने घर के आंगन में खेल रही थी, तभी अनजाने में उसका पैर एक सांप पर पड़ गया। सांप ने तत्काल उसे डस लिया। परिजनों ने बिना समय गंवाए बच्ची को निजी वाहन से छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे पीआईसीयू वार्ड में भर्ती कर लिया गया है। फिलहाल बच्ची का इलाज जारी है और उसकी स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। घटना के बाद से परिजनों समेत पूरे गांव में दहशत का माहौल है।

### चौक बाजार में महिलाओं के साथ चोरी, रंगे हाथ पकड़ी गईं तीन महिला चोर



**छतरपुर।** शहर के व्यस्ततम चौक बाजार क्षेत्र में सोमवार को खरीदारी करने आई महिलाओं के साथ चोरी की घटना सामने आई। फरियादी प्रियंका मिश्रा निवासी आजाद चौक छत्रसाल नगर ने बताया कि वह अपनी भाभी आरती मिश्रा के साथ बाजार में खरीदारी करने आई थीं, तभी यह घटना हुई। प्रियंका ने बताया कि वे दोनों दुल्हन साड़ी दुकान के पास कुर्तियों को देख रही थीं, उसी दौरान तीन महिलाएं वहां पहुंचीं और संदिग्ध रूप से आस-पास घूमने लगीं। जब दोनों महिलाएं खरीदारी में व्यस्त थीं, तभी चोर महिलाओं ने उनके हैंडबैग में रखे छोटे पर्स को चुपके से निकाल लिया और वहां से निकल गईं।जब वे दुल्हन साड़ी दुकान पर पहुंचीं, तो वहां मौजूद एक व्यक्ति ने उन्हें बताया कि उनके पर्स की चेन खुली है। जांच करने पर पता चला कि पर्स गायब है। दुकानदार ने बताया कि यलो साड़ी पहने महिलाएं अभी-अभी बाहर निकली हैं। इस सूचना के आधार पर फरियादियों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए संदिग्ध महिलाओं को पकड़ लिया। पकड़े जाने पर चोर महिलाओं ने पर्स को फेंक दिया, जिसे फरियादियों ने मौके से उठाया और तीनों महिला चोरों को पकड़कर सिटी कोतवाली लेकर पहुंचीं। पुलिस द्वारा तीनों महिलाओं से पूछताछ की जा रही है। इस घटना से बाजार में मौजूद लोगों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### जिपं सीईओ आज शिक्षा विभाग से जुड़ी समस्याएं सुनेंगी

**छतरपुर।** अपर कलेक्टर (विकास) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी छतरपुर तपस्या परिहार 27 जून 2025 को समय अपरान्ह 3 बजे से जिला पंचायत छतरपुर के सभाकक्ष में स्कूल शिक्षा विभाग से सम्बन्धित समस्याएं सुनेंगी। इसमें जनसुनवाई, परिवेदना, सी.एम. हेल्पलाइन, पेंशन, अर्जित अवकाश, वेतनवृद्धि, डी.ए.एरियर्स एवं अन्य विषयों के आवेदन-पत्र प्रस्तुत करने वाले आवेदकों, सेवानिवृत्त, शासकीय सेवकों की समस्याओं के निराकरण के लिए समस्त संकुल प्राचार्यों एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों को उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी छतरपुर ने 27 जून 2025 को सभी संकुल प्राचार्यों एवं विकासखण्ड शिक्षा अधिकारियों के सभी अवकाश निरस्त कर दिये हैं।

## विवाह के एक महीने बाद नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, ससुराल पक्ष पर हत्या का आरोप



**छतरपुर।** जिले के ईशानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम डपकोई निवासी भगुन्ती देवी ने बिजावर थाना क्षेत्र में निवासरत अपनी पुत्री की संदिग्ध मौत पर गंभीर आरोप लगाते हुए गुरूवार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा है। भगुन्ती के अनुसार, उसकी पुत्री उर्मिला की शादी दिनांक 21 अप्रैल 2024 को बिजावर के वार्ड नंबर 05 निवासी हरिचरण उर्फ दीपक कुशवाहा के साथ हिन्दू रीति-रिवाजों से की गई थी।शादी में दहेज स्वरूप दूल्हे पक्ष को डीलक्स मोटर साइकिल, 50,000 नकद, सोने-चांदी के आभूषण, बर्तन व अन्य सामान सहित कुल लगभग 3 लाख की सामग्री दी गई थी। लेकिन विवाह के कुछ ही समय बाद से ससुराल पक्ष द्वारा उर्मिला को अतिरिक्त 50,000 की मांग को लेकर प्रताड़ित किया जाने लगा।भगुन्ती के अनुसार, दिनांक 23 मई 2025 को शाम 6:52 बजे जब उनकी बेटी से आखिरी बार बात हुई, तब उसने बताया कि पति हरिचरण, सास प्रेमबाई व ससुर मुन्नालाल द्वारा उसे बुरी तरह मारा-पीटा गया है। उसी रात उसकी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई।पीड़िता के परिजनों को घटना की सूचना तत्काल नहीं दी गई। अगले दिन सुबह उन्हें यह कहकर बुलाया गया कि उर्मिला की तबियत खराब है। जब परिजन ससुराल पहुंचे, तो उन्होंने उर्मिला को मृत अवस्था में पाया। मृतका के शरीर पर चोट के कई निशान, हाथ में करंट लगाए जाने के संकेत, और घर में टूटी चूड़ियाँ व लाठी-डंडे पाए गए। परिजनों ने घटना की सूचना तत्काल थाना बिजावर में दी, लेकिन अभी तक कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं हुई है। मृतका की मां भगुन्ती देवी ने पति, सास और ससुर पर हत्या का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जेल भेजने की मांग की है। पीड़िता के परिवार ने शादी का कार्ड और घटना स्थल की तस्वीरें भी पुलिस को सौंपी हैं। मामले में निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग को लेकर पीड़ित पक्ष प्रशासन से उचित कार्यवाही की अपील कर रहा है।



## दुबई में आयोजित मिसेज इंडिया वल्डवाइड 2025 सीजन 14 का खिताब डॉ. गरिमा अग्रवाल के नाम

### छतरपुर की बेटी ने अमेरिका से किया भारत का प्रतिनिधित्व, जीता मॉस्ट टैलेंटेड अवॉर्ड भी

**छतरपुर।** शहर की बेटी डॉ. गरिमा अग्रवाल ने दुबई में आयोजित प्रतिष्ठित हाउट मोडे मिसेज इंडिया वल्डवाइड 2025 सीजन 14 का खिताब जीतकर न केवल मध्य प्रदेश बल्कि पूरे देश को गौरवान्वित किया है। इस ऐतिहासिक उपलब्धि की जानकारी उन्होंने शहर के एक होटल में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान दी।

डॉ. गरिमा अग्रवाल मूल रूप से छतरपुर की रहने वाली हैं और वर्तमान में अमेरिका के इलिनॉय राज्य के प्यूरिया शहर में निवास कर रही हैं। वह दो बेटियों की माँ हैं और प्रख्यात ट्री मैन ऑफ इंडिया डॉ. राजेश अग्रवाल एवं समाजसेवी श्रीमती गीता देवी अग्रवाल की सुपुत्री हैं।

उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा क्रिश्चियन इंग्लिश स्कूल, छतरपुर तथा 11वीं-12वीं की शिक्षा इलाहाबाद के गर्ल्स हाई स्कूल से प्राप्त की। एमबीबीएस रीवा मेडिकल कॉलेज से करने के बाद डॉ. गरिमा ने भोपाल से रेडियोडायग्नोसिस में एमडी किया। विवाह के बाद 2006 में वे अमेरिका चली गईं, जहां उन्होंने न्यूक्लियर मेडिसिन, न्यूरोराडियोलॉजी और पीडियाट्रिक रेडियोलॉजी में सुपर स्पेशलाइजेशन किया।

वर्तमान में वे तीन प्रमुख अमेरिकी अस्पतालों की रेडिएशन सेफ्टी ऑफिसर हैं और न्यूक्लियर मेडिसिन विभाग की डिवीजन चीफ के रूप में कार्यरत हैं।

प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर डॉ. गरिमा ने बताया कि पिछले छह महीने से हर हफ्ते क्रिएटिव इंस्टाग्राम रील्स, सोशल मीडिया चैलेंजेज, भारतीय संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों और सामाजिक गतिविधियों में भागीदारी की गई। 15 से 20 जून तक दुबई के वोको मोनाको आइलैंड होटल और बाही अजमान पैलेस में इन-पर्सन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें टैलेंट राउंड और ग्रैंड फिनाले भी शामिल था।

डॉ. गरिमा ने बताया कि इस अंतरराष्ट्रीय मंच पर उन्होंने उत्तर अमेरिका का प्रतिनिधित्व किया और भारत की संस्कृति, हस्तशिल्प, साड़ी और सामाजिक मूल्यों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कई रचनात्मक प्रयास किए। वे मॉस्ट टैलेंटेड अवॉर्ड से भी सम्मानित की गईं।

उन्होंने कहा, एक पूर्णकालिक डॉक्टर, पत्नी और माँ होने के साथ-साथ यह मंच मेरे लिए अपने फैशन और ग्लैमर के पैशन को जीने का माध्यम बना। मैंने यह साबित किया कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती।

डॉ. गरिमा महिलाओं में आत्मविश्वास, स्वास्थ्य, भारतीय संस्कृति और सामाजिक बदलाव के लिए निरंतर सक्रिय रहती हैं। उन्होंने अमेरिका में महिला उत्पीडऩ के विरुद्ध जागरूकता फैलाने के लिए सीएफपीए संस्था के साथ काम किया है। साथ ही वे भारतीय हथकरघा साड़ी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाने में भी जुटी हैं। उनकी यह जीत न केवल छतरपुर बल्कि उन सभी महिलाओं के लिए प्रेरणा है, जो अपने सपनों को साकार करना चाहती हैं।

## बागेश्वर सरकार की ज़िंदगी पर शोध करने पहुंची न्यूजीलैंड के विश्वविद्यालय की टीम

### तीन दिन तक हर छोटी बड़ी घटना को टीम ने परखा और किया कमरे में कैद



**छतरपुर।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री अब तक अपनी कथाओं और जनकल्याण की सेवाओं के लिए चर्चा में रहते थे लेकिन अब वे अपनी विदेश यात्रा के दौरान सामने आ रही तस्वीरों के लिए लिए भी चर्चा में हैं। उनकी तीन देशों की यात्रा के दौरान जहां एक तरफ आस्ट्रेलिया, फिजी और न्यूजीलैण्ड में उन्हे आम जनता का भरपूर प्रेम मिला तो वहीं इन देशों के जन प्रतिनिधियों ने भी उनका खूब स्वागत किया।अब न्यूजीलैंड से कुछ ऐसी तस्वीरें सामने आईं हैं जो उनके भक्तों का उत्साह बढ़ाने के लिए काफी हैं। दरअसल न्यूजीलैंड के ऑकलैंड शहर मे आयोजित हुई कथा के दौरान बागेश्वर महाराज के जीवन और इस आयोजन पर शोध करने के लिए न्यूजीलैंड के प्रसिद्ध विश्वविधालय की टीम यहां पहुची। वेलिंगटन के मैसी विश्वविद्यालय की एक तीन सदस्यीय टीम ओस्कर मरीशन और उनके दो साथियों ने बागेश्वर धाम सरकार के जीवन पर तीन दिनों तक शोध किया।उन्होंने कैमरे के साथ यहां आए भक्तों से उनके अनुभव पूछे,आयोजन की बारीकियों को समझा और बागेश्वर महाराज का इंटरव्यू लेकर उनसे अनेक प्रश्न पूछे। यह टीम तीन दिन तक दिन रात उनके साथ चलती रही और हर छोटी बड़ी घटना को रिपोर्ट करती रही। शोध के अंत में बागेश्वर महाराज ने इस इंटरव्यू के बाद सभी शोधकर्ताओं को बागेश्वर बालाजी की पट्टिका पहनाकर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया।

## 250 मरीजों का हुआ नेत्र परीक्षण, 40 मरीज ऑपरेशन हेतु हुए चिन्हित



**छतरपुर।** गरीब जरूरतमंदों की सेवा के लिए नगर के प्रतिष्ठित प्राचीन हनुमान टोरिया मंदिर में एक दिवसीय निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर के पंद्रहवें वर्ष का छठवां आयोजन संपन्न हुआ। यह शिविर स्व.प्रयाग नारायण अग्रवाल की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला देवी अग्रवाल एवं पुत्रगण के सहयोग से एवं हनुमान टोरिया सेवा समिति एवम सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट के सयुक्त तत्वाधान में यह आयोजन किया गया। समिति के सदस्य गिरजा पाटकर ने बताया सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से आए डॉक्टर अरविंद मिश्रा , डॉ रोहित लखेरा और उनकी 10 सदस्यीय टीम के द्वारा 250 नेत्र रोगियों के परीक्षण कर उन्हें उचित सलाह एवं चश्मा दवा दी गई तथा पिछले माह मोतियाबिंद के ऑपरेशन हुए मरीजों को नए चश्मा दिए गए जिससे उन्हें नई रोशनी मिली तथा आज नए 40 मरीजों को मोतियाबिंद हेतु चयनित कर चित्रकूट भेजा गया।इस मौके पर हरि अग्रवाल संटू अग्रवाल, रम्मू रावत रमेश सोनी नरेंद्र असाटी सुरेश नगरिया हरिओम सोनी, सोमिल अग्रवाल, कन्हैया अग्रवाल, सृष्टि बविता अग्रवाल संगीता अग्रवाल उर्मिला देवी शिवानी अग्रवाल पलाश अग्रवाल गौरीशंकर सतीश असाटी सुनील असाटी परितोष सोनी अखिलेश असाटी सीबी तिवारी मंटू पांडे ग्रीस दुबे प्रकाश खरे जुग्गू असाटी मद्दू नेता संतोष नामदेव गिरजा पाटकर लखन लाल सोनी नारायण मिश्रा लालू गुप्ता डी सी पाठक प्रिंस गुप्ता मयंक हर्ष राज वर्मा उपस्थित रहे।

## पारिवारिक जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप, पीड़ित परिवार ने लगाई न्याय की गुहार



**छतरपुर।** जिले के सटई तहसील अंतर्गत ग्राम मोतीगढ़ निवासी सत्तू आदिवासी ने गुरुवार को अपने पूरे परिवार के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक एवं कलेक्टर को आवेदन सौंपा। उन्होंने आरोप लगाया कि उनकी पुश्तैनी जमीन पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है।सत्तू आदिवासी ने आवेदन में बताया कि उनका परिवार पिछले 50 वर्षों से इस जमीन पर काबिज था। दो वर्ष पूर्व उन्होंने यह जमीन अस्थायी रूप से बटाई पर मुन्नी पाल, उदयभान पाल और पंचू पाल को दी थी। लेकिन अब उक्त लोगों ने पटवारी से मिलीभगत कर उक्त भूमि पर स्थायी कब्जा जमा लिया है और जमीन लौटाने से मना कर रहे हैं। पीड़ित सत्तू आदिवासी ने कहा, जब हमने उनसे अपनी जमीन वापस मांगी तो उन्होंने धमकी दी कि यह अब हमारी जमीन है, यहां दोबारा आए तो जान से मार देंगे। इस घटनाक्रम से भयभीत होकर सत्तू आदिवासी ने जिला प्रशासन से सुरक्षा की मांग करते हुए अपनी जमीन वापस दिलवाने की गुहार लगाई है। परिवार ने यह भी मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि उन्हें न्याय मिल सके।

## वृद्ध आश्रम में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस



### वरिष्ठ नागरिकों और गणमान्य व्यक्तियों ने ली नशा मुक्ति की शपथ

**छतरपुर।** अंतर्राष्ट्रीय नशा निषेध दिवस के अवसर पर गुरूवार को लवकुशनगर स्थित वृद्ध आश्रम में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के गणमान्य नागरिक, वृद्धजन, ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहनें, संस्था की अध्यक्ष उपकार कौर, वृद्ध आश्रम की संचालिका विमला साहू एवं सभी कर्मचारीगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत सभी वृद्धजनों को नशा न करने की शपथ दिलाकर की गई। संस्था की अध्यक्ष उपकार कौर ने नशामुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति नहीं, पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने अपने व्याख्यान में नशे से होने वाले दुष्प्रभावों को विस्तार से समझाया।वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता राम रूप द्विवेदी ने भी अपने वक्तव्य में नशे के दुरुपयोग और इसके सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी। ब्रह्माकुमारी आश्रम की बहन ने भी उपस्थितजनों को नशामुक्त जीवन की शपथ दिलाई और बताया कि नशा केवल शरीर ही नहीं, आत्मा को भी दूषित करता है।कार्यक्रम के अंत में संस्था अध्यक्ष उपकार कौर ने सभी उपस्थितजनों का आभार व्यक्त किया और नशामुक्त समाज की दिशा में सभी से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर बाबूराम परिहार, चोटू महाराज, राम रूप द्विवेदी, विमला साहू, उपकार कौर सहित कई कार्यकर्ता और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद की विशेष पहल**

# भविष्य की ऊर्जा आवश्यकता नवकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों से ही होगी पूरी, सौर ऊर्जा की कार्यशाला में दी गई पीएम सूर्यघर और पीएम कुसुम योजना की जानकारी

कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में कमिश्नर बीएस जामोद की विशेष पहल पर सौर ऊर्जा की संभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना तथा प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तकनीकी और सैद्धांतिक पक्षों की विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यशाला में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने कहा कि भविष्य की ऊर्जा आवश्यकता नवकरीण ऊर्जा स्त्रोतों से ही पूरी होगी। सूर्य ऊर्जा का अक्षय भण्डार है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में पिछले 10 वर्षों में हुई तकनीकी प्रगति से इस क्षेत्र में तेजी से विस्तार हुआ है। सौर ऊर्जा प्रदूषण रहित, सुरक्षित और कम लागत में अधिक लाभ देने वाली प्रणाली है। प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और प्रधानमंत्री कुसुम योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। इनके माध्यम से किसान बिजली बिलों से मुक्ति पाने के साथ अतिरिक्त बिजली फीडर में देकर लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं।

**रीवा।** अनुपजाऊ और पड़ती भूमि में बड़े सोलर सिस्टम लगाकर महीने में लाखों रुपए की आमदनी प्राप्त की जा सकती है। कलेक्टर ने कहा कि मध्यप्रदेश में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में तेजी से काम किया जा रहा है। रीवा में अल्ट्रा मेगा सोलर प्लांट से 750 मेगावाट बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। रीवा में कई शासकीय कार्यालयों और बड़े संस्थानों में सोलर पावर प्लांट लगाए गए हैं। ऊर्जा विभाग तथा अन्य सभी विभाग मिलकर नवकरणीय ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए लगातार लोगों को प्रोत्साहित कर रहे हैं। पीएचई विभाग की नलजल योजनाओं, नगर निगम में स्ट्रीट लाइट, नेशनल हाईवे में स्ट्रीट लाइट तथा सभी नगरीय निकायों में स्ट्रीट लाइट के लिए सौर ऊर्जा का उपयोग किया जा सकता है। सौर ऊर्जा की योजनाओं की जानकारी के साथ उनमें अनुदान का लाभ, बैंकों से ऋण की सुविधा तथा सभी प्रमुख बातों का उल्लेख करते हुए पम्पलेट के माध्यम से आमजनता तक जानकारी पहुंचाएं। कार्यशाला में कलेक्टर सीधी स्वरोचिष सोमवंशी ने कहा कि किसान अपना हानि-लाभ जानते हैं। सौर ऊर्जा से सिंचाई पंप तथा घरेलू उपयोग की पूरी बात किसानों को ठीक से समझाने पर योजना का तेजी से क्रियान्वयन होगा। सौर ऊर्जा से मिलने वाला लाभ ही इसका सबसे बड़ा आकर्षण है। घरेलू उपयोग तथा सिंचाई पंप के लिए सौर ऊर्जा के उपयोग की तकनीकी जानकारी, लागत और लाभ सरल भाषा में आमजनता तक पहुंचाना आवश्यक है। किसान यदि अपनी जमीन पर एक से दो मेगावाट का सौर ऊर्जा संयंत्र लगाता है तो उसे खेती की तुलना में अधिक आर्थिक आय होने पर ही इसे सफलता मिलेगी। कार्यशाला में एनएसईएफआई के प्रतिनिधियों ने सौर ऊर्जा के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में बताया गया कि देश में बिजली की कुल खपत का 21 प्रतिशत सिंचाई के लिए होता है। मध्यप्रदेश में यह प्रतिशत बढ़कर 29 है। किसानों के सिंचाई पंप यदि सौर ऊर्जा से चलने लगें तो इस बिजली का अन्य क्षेत्र में उपयोग संभव होगा। सौर ऊर्जा से चलने वाले सिंचाई पंपों में वोल्टेज कम होने, बिजली गोल होने और लाइन लॉस भी शून्य होगा। किसानों को सिंचाई के लिए किसी तरह का बिल नहीं देना पड़ेगा। किसान को तीन हार्सपावर तक के सोलर पंप लगाने पर लगभग 90 प्रतिशत की छूट मिलेगी। किसान केवल 9500 रुपए देकर सोलर सिंचाई पंप लगा सकते हैं। सौर ऊर्जा उत्पादन के दो मेगावाट के संयंत्र के लिए 7.5 एकड़ जमीन की आवश्यकता होगी। इसकी लागत लगभग 7 करोड़ रुपए है जिसमें लगभग 65 प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। इसमें संयंत्र स्थापित करने के बाद बिजली ग्रिड में देने के लिए 25 साल का अनुबंध करना आवश्यक होगा। इससे हर महीने तीन से चार लाख रुपए की आमदनी होगी। बैंक लोन लेने पर 12 साल में ऋण की राशि अदा हो जाती है और लगभग 20 साल तक नाममात्र के खर्चे पर तीन से चार लाख रुपए महीने की आमदनी होती है। इसे बिजली ग्रिड से पाँच किलोमीटर के दायरे में ही स्थापित करने की सुविधा है। कार्यशाला में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के प्रयासों तथा पीएम सूर्यघर एवं पीएम कुसुम योजना की बिन्दुवार जानकारी दी गई। बैठक में स्टेट बैंक के प्रतिनिधियों ने सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए दी जा रही ऋण और अनुदान सुविधा की जानकारी दी। कार्यशाला में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सीधी अंशुमान राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रीवा मेहताब सिंह गुर्जर, अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर पीके पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर श्रेयस गोखले, संयुक्त कलेक्टर सिंगरौली संजीव पाण्डेय, संयुक्त कलेक्टर मैहर आरती सिंह, सभी संभागीय तथा जिला अधिकारी उपस्थित रहे।



## औषधि महास्नान के बाद भगवान जगन्नाथ हुए पूर्णतः स्वस्थ, आज निकलेगी भव्य रथयात्रा, 15 दिनों तक चला आयुर्वेदिक उपचार, नगर वैद्य ने की सेवा

रीवा।

जिले में पिछले 15 दिनों से बीमार चल रहे भगवान जगन्नाथ स्वामी अब पूर्णतः स्वस्थ हो गए है। बुधवार को नगर वैद्य ओमप्रकाश पंसारी द्वारा औषधीय उपचार पूर्ण किए जाने के बाद भगवान को स्वास्थ्य लाभ हुआ। बीमार होने के दौरान भगवान को ठंडई की औषधि दी जा रही थी, जिसकी अवधि अब पूरी हो चुकी है दीनानाथ शास्त्री ने बताया कि भगवान के पूर्ण स्वस्थ होने के उपलक्ष्य में गुरुवार को औषधि महास्नान कर आयोजन किया गया इसके बाद भगवान को नवीन वस्त्र धारण कराए जाएंगे।

आज विशेष श्रृंगार होगा और उसी दिन शाम 4 बजे लक्ष्मणबाग संस्थान से भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। रथयात्रा किला परिसर से होते हुए उपरहटी, फोर्ट रोड, जय स्तंभ, गायत्री मंदिर मार्ग से होती हुई मानस भवन पहुंचेगी, जहां भगवान का रात्रि विश्राम होगा। अगले दिन यात्रा पुनः लक्ष्मणबाग लौटेगी। शास्त्री ने बताया कि भगवान जगन्नाथ के बीमार पड़ने, उपचार और स्वस्थ होने के बाद रथयात्रा निकालने की यह परंपरा पिछले 33 वर्षों से निभाई जा रही है। इस मौके पर ओमप्रकाश पंसारी, उपदेश पंसारी, श्रेयस गुप्ता, योगेंद्र द्विवेदी सहित कई श्रद्धालु उपस्थित रहे।बॉक्स350 साल पुरानी परंपराशहर के लक्ष्मणबाग स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में सदियों पुरानी एक अनोखी परंपरा आज भी जीवंत है। यहां भगवान जगन्नाथ के साथ विराजमान हैं बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा। इस पवित्र स्थल पर लगभग साढ़े तीन सौ वर्षों से चली आ रही एक खास परंपरा आज भी निभाई जा रही है,हर वर्ष विशेष तिथियों पर भगवान को शारीरिक शांति और ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से एक आयुर्वेदिक मिश्रण अर्पित किया जाता है। स्थानीय भाषा में इसे पथ कहा जाता है।इस सेवा को निभा रहे हैं राजवैद्य ओम प्रकाश पसारी, जो पिछले 33 वर्षों से इस परंपरा के संरक्षक बने हुए हैं। 71 वर्षीय वैद्य बताते हैं कि यह औषधि केवल परंपरा नहीं, आस्था और आयुर्वेद का समन्वय है।उन्होंने बताना कि दिव्य औषधि में काजू-किसमिस, बादाम के अलावा यासखस, गुलाब के फूल, काली मिर्च, इलायची, सौंपा को शामिल किया जाता है। इसके सेवन के बाद भगवान स्वस्थ होते हैं ऐसी रीति है।बॉक्सशहर भ्रमण यात्रा के लिए रथ तैयारजगन्नाथ धाम से यात्रा आज को लक्ष्मण बाग से निकलकर किला पहुंचेगी, जिसके बाद में शहर के निर्धारित मार्गो से भ्रमण करते हुए मानस भवन में विश्राम लेंगे। आपको बता दें कि भगवान के इस वार्षिक भ्रमण को लेकर उसका रथ तैयार कर लिया गया है। वहीं यात्रा को लेकर एक बात उलेखनीय है कि राजकाल के दौरान इसी रथ को खींचने के लिए वाहन की जगह रस्से होते थे तथा तीन मोटे-मोटे रस्से बांधे जाते थे। गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं द्वारा रस्सा खींचते हुए उन्हें पूरे शहर का भ्रमण कराते थे। अब आधुनिकता के बीच रस्सा खींचने की परंपरा विलुप्त हो चुकी है।



## हत्या के प्रयास के ईनामी आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

रीवा।

जिले के गुढ़ थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास के आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है बता दे पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ पुलिस अधीक्षक ने इनाम घोषित किया था। पीड़ित रमाशंकर शुक्ला पुत्र राधिका प्रसाद शुक्ला 61 वर्ष निवासी नर्रहा शुकुलगवां ने मामले की शिकायत गुढ़ पुलिस से की थी। पीड़ित के लड़के दीपक शुक्ला के साथ आरोपियों बीते वर्ष 19 अप्रैल की रात गाली गलौज करते हुए चाकू से प्राणघातक हमला किया था। जिसके बाद घायल दीपक को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में गंभीर अवस्था में भर्ती कराया गया था।

गुढ़ पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर संदेहियों की तलाश शुरू की जिसमें अंकित शुक्ला का नाम आरोपी के रूप में सामने आया। पुलिस ने घटना दिनांक से लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी लेकिन आरोपी फरार थे। मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित उर्फ मोहित शुक्ला के खिलाफ 8 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया था, जो मंगलवा को पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी रोहित उर्फ मोहित शुक्ला पिता रमेश शुक्ला 26 वर्ष निवासी नर्रहा शुकुलगवाँ थाना गुढ़ को न्यायालय में पेश कर 01 दिन की रिमाण्ड में लिया जिसके बाद घटना के अन्य आरोपी अंकित शुक्ला पिता रामायण शुक्ला 28 वर्ष निवासी नर्रहा की गिरफ्तारी कर पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हे जेल भेजा गया है।बॉक्स गोविंदगढ़ पुलिस ने हत्या के मामले में फरार का इनामी आरोपी को किया गिरफ्तारजिले के गोविंदगढ़ पुलिस ने हत्या के मामले में फराद 10 हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। 15 जनवरी को आरोपी ने छोटेलाल साकेत के ऊपर प्राणघातक हमला किया था, जिसके बाद घायल को 24 जनवरी को उपचार के दौरान मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में हत्या की धारा बढ़ाते हुए आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया था। मामले की शिकायत फरियादी लल्ला साकेत पिता छोटेलाल साकेत 45 वर्ष निवासी देवलहा टोला टीकर थाना गोविन्दगढ ने गोविंदगढ़ थाना में दर्ज करवाई थी। छोटेलाल की मृत्यु हो जाने पर प्रकरण में आरोपियों के विरुद्ध हत्या करने की धारा का इजाफा किया गया तथा घटना में शामिल एक आरोपी पूर्व से गिरफतार था साथ ही आरोपी निलेश साकेत घटना दिनांक से फरार चल रहा था जिसे दिनांक 24 जून को पुलिस ने गिरफ्तार कर आरोपी की निशानदेही पर घटना मे प्रयुक्त लाठी को जप्त किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है।



### जिले में अब तक 111.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज

**रीवा।** जिले में 26 जून को 3.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले में एक जून से अब तक 111.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। इस संबंध में अधीक्षक भू-अभिलेख महेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया कि अब तक तहसील हुजूर में 118.1 मिलीमीटर, रायपुर कर्चुलियान में 87.5 मिलीमीटर, गुढ़ में 155 मिलीमीटर, सिरमौर में 169.6 मिलीमीटर, त्योंथर में 45 मिलीमीटर, सेमरिया में 150 मिलीमीटर, मनगवां में 92 मिलीमीटर तथा जवा में 74 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज गयी। गतवर्ष इसी अवधि में जिले में 30.7 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गयी थी। जिले की औसत वार्षिक वर्षा 1044.6 मिलीमीटर है।

## मध्यप्रदेश में पर्यटन की असीम संभावनाएं, इससे खुलेंगे उन्नति के द्वार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के बीच हुआ समझौता

रीवा ।

लखनऊ में उत्तरप्रदेश तथा मध्यप्रदेश के बीच पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए समझौता पत्रक पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि किसी क्षेत्र में औद्योगिक क्रांति, हरित क्रांति और पर्यटन क्रांति आने पर उस क्षेत्र का तेजी से विकास होता है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व और और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के प्रयासों से मध्यप्रदेश में अधोसंरचना विकास संस्कृति के संरक्षण और पर्यटन के विकास के लिए अच्छे प्रयास किए जा रहे हैं। आज मध्यप्रदेश पर्यटन क्षेत्र में असीम संभावनाओं के कारण निवेश का आकर्षक क्षेत्र बन गया है। समारोह में पर्यटन, संस्कृति और धर्मस्व राज्यमंत्री धमेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि वर्तमान में पर्यटन उद्योग वैश्विक अर्थव्यवस्था में सबसे तेजी से बढ़ते हुए क्षेत्रों में से एक है। मध्यप्रदेश अपने प्राकृतिक, ऐतिहासिक, पुरातात्विक और धार्मिक पर्यटन स्थलों के कारण सबके आकर्षण का केन्द्र है। प्रदेश के पर्यटन को बढ़ावा देने की नीति से इस क्षेत्र में तेजी से विकास हो रहा है। इस अवसर पर उत्तरप्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश सांस्कृतिक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हैं। हमारे रीति-रिवाज, त्यौहार, खान-पान सब एक जैसे हैं। माँ गंगा से माँ नर्मदा तक की यात्रा पर्यटकों को सुखद अनुभूति प्रदान करेगी। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिवशेखर शुक्ला ने कहा कि पर्यटन की दृष्टि से मध्यप्रदेश भारत का एक समृद्ध प्रदेश है। गंगा और नर्मदा पर्यटन कॉरिडोर की प्रस्तावित परियोजना से मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन स्थलों को जोड़ा जाएगा। पर्यटन केवल अर्थव्यवस्था ही नहीं बल्कि सांस्कृति जुड़ाव और सामाजिक समावेश का भी माध्यम है। इस अवसर पर मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश के पर्यटन व्यवसाइयों, टूर ऑपरेटर्स, ट्रेवल एजेंट्स और होटल व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों के बीच सहयोग बढ़ाने के लिए लखनऊ के होटल ताजमहल में मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा पर्यटन शो का आयोजन किया गया। रोड शो में मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पर्यर्टन की झलक दिखाई गई।



### नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

रीवा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय सिरमौर में शिक्षा सत्र 2026-27 में कक्षा 6 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 31 मई से प्रारंभ हो चुकी है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई निर्धारित की गई है। इच्छुक विद्यार्थी किसी भी ऑनलाइन सेंटर अथवा मोबाइल के माध्यम से प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन कर सकता है। इस संबंध में विद्यालय के प्राचार्य मनीष तिवारी ने बताया कि विद्यार्थी को रीवा अथवा मऊगंज जिले के शासकीय विद्यालय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययरत एवं रीवा अथवा मऊगंज जिले का निवासी होना चाहिए। विद्यार्थी ने कक्षा 3 और 4 की निरंतर पढ़ाई शासकीय अथवा मान्यता प्राप्त अशासकीय विद्यालय से पूर्ण शिक्षण सत्र में उत्तीर्ण की हो तथा वर्तमान में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो। विद्यार्थी 29 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। कक्षा में आगामी सत्र में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा 13 दिसम्बर को रीवा और मऊगंज जिले के सभी विकासखण्ड मुख्यालय में आयोजित की जाएगी। इसके आधार पर तैयार मेरिट सूची के अनुसार विद्यार्थियों को कक्षा 6 में प्रवेश दिया जाएगा। इस संबंध में अन्य जानकारियाँ और विवरण नवोदय डॉट जीओभी डॉट इन लिंक पर भी प्राप्त की जा सकती हैं। इसका आवेदन पत्र वेबसाइट सीबीएसईआईटीएमएस डॉट आरईआईएल डॉट जीओभी डॉट इन पर किया जा सकता है।

## तेज रफ्तार में पलटा श्रमिकों से भरा ऑटो, 6 घायल मवेशी को बचाने के चक्कर में हुआ हादसा

**रीवा ।** शहर के चोरहटा थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक बड़ा सड़क हादसा हो गया, जब मजदूरी के लिए आ रहे श्रमिकों से भरा एक ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में 6 मजदूर घायल हो गए, जिन्हें तुरंत स्थानीय लोगों की मदद से संजय गांधी अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के अनुसार, सभी श्रमिक रामपुर बघेलान क्षेत्र से रीवा शहर की ओर मजदूरी के लिए जा रहे थे। प्रतिदिन की तरह ये लोग सुबह ऑटो में सवार होकर निकले थे। चोरहटा थाना क्षेत्र के समीप जैसे ही ऑटो पहुंचा, अचानक सड़क पर एक बैल आ गया। तेज रफ्तार में चल रहे वाहन को बचाने की कोशिश में चालक ने नियंत्रण खो दिया और ऑटो पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। कई राहगीर और स्थानीय लोग तुरंत सहायता के लिए आगे आए और घायलों को ऑटो से बाहर निकाला। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और राहत कार्य में मदद की। घायलों में शामिल धर्मेश केवट ने बताया, हम सभी रोज की तरह मजदूरी के लिए रीवा आ रहे थे। रास्ते में अचानक बैल सामने आ गया और ड्राइवर कुछ समझ पाता उससे पहले ही ऑटो पलट गया। हादसे में कुछ मजदूरों को गंभीर चोटें आई हैं, हालांकि चिकित्सकों के अनुसार सभी की हालत स्थिर है। पुलिस ने ऑटो चालक से पूछताछ शुरू कर दी है और मामले की जांच कर रही है।

## करंट की चपेट में आकर तीन मवेशियों की मौत, 24 घंटे तक नहीं पहुंची प्रशासनिक टीम, पीड़ितों ने की मुआवजे और कार्रवाई की मांग

**रीवा।** जिले के बैकुंठपुर थाना अंतर्गत ग्राम पिपरी भस्मा में करंट की चपेट में आकर तीन मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई। मामला मंगलवार दोपहर का है, जब खेत के पास बाउंड्री में दौड़ रहे करंट की चपेट में आकर तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई। यह बाउंड्री गांव के ही एक व्यक्ति द्वारा निजी सुरक्षा के लिए की गई थी, जिसमें बिजली का करंट प्रवाहित किया जा रहा था। गांव के निवासी रावेंद्र कोल और राजबहोर कोल ने बताया कि उन्होंने घटना की जानकारी तुरंत ही पुलिस और पशु चिकित्सा विभाग को दी, लेकिन हैरानी की बात यह रही कि अगले दिन दोपहर तक भी कोई अधिकारी या कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बगीचे की बाड़ में करंट छोड़ने की घटना घोर लापरवाही है, जो न केवल पशुओं बल्कि इंसानों की जान के लिए भी खतरा बन सकती है। मृत मवेशियों के मालिकों ने प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है, साथ ही संबंधित व्यक्ति पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। गांव में इस घटना के बाद आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि प्रशासन समय पर कार्रवाई नहीं करता है तो ऐसी घटनाएं दोबारा हो सकती हैं। उधर, जब इस संबंध में पशु विभाग और पुलिस प्रशासन से संपर्क करने की कोशिश की गई, तो किसी ने भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी।

### रीजनल इंडस्ट्री स्किल एण्ड इम्प्लायमेंट कॉन्क्लेव आज

**रीवा ।** शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग द्वारा 27 जून को मोहन सभागार में रीजनल इंडस्ट्री स्किल एण्ड इम्प्लायमेंट कॉन्कलेव का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सुबह 11 बजे आरंभ होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का रतलाम से वर्चुअली उद्बोधन होगा। प्रभारी कलेक्टर डॉ सौरभ सोनवड़े ने कार्यक्रम के आयोजन के लिए विभिन्न अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी है। कार्यक्रम के लिए संपूर्ण व्यवस्थाएं तथा उद्यमियों की भागीदारी के लिए कार्यकारी संचालक एमपीआईडीसी यूके तिवारी को प्रभारी बनाया गया है। अग्रणी बैंक प्रबंधक को बैंको से स्वरोजगार योजनाओं के ऋण प्रकरण स्वीकृत कराकर कार्यक्रम में वितरण के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रबंधक ग्रामीण आजीविका परियोजना को स्वसहायता समूहों की कार्यक्रम में भागीदारी एवं पाँच हितग्राहियों को हितलाभ वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी अन्त्यावसायी सहकारी विकास निगम, जिला प्रबंधक खादी ग्रामोद्योग, जिला संयोजक आदिमजाति कल्याण विभाग, सहायक संचालक पिछड़ा वर्ग, उप संचालक पशुपालन, सहायक संचालक उद्यानिकी, उप संचालक मछली पालन तथा महाप्रबंधक उद्योग को उनके विभाग की स्वरोजगार योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को कार्यक्रम में हितलाभ वितरण की जिम्मेदारी दी गई है। प्राचार्य आईटीआई पीएम विश्वकर्मा योजना के हितग्राहियों तथा परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण को पीएम स्वनिधि योजना के हितग्राहियों के हितलाभ वितरण के निर्देश दिए गए हैं।